भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
प्रेस विज्ञप्ति

विषय:- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ ने मनाई भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयन्ती ।

नई दिल्ली, 21 अप्रैल, 2016

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ ने भाविप्रा की आवासीय कालोनी, आई.एन.ए. नई दिल्ली में भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयन्ती बड़े ही धूम-धाम एवं उत्साहपूर्वक मनाई । डॉ. महेश शर्मा, माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री तथा पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. भीमराव अम्बेडकर से जुड़े 05 स्थानों अर्थात् पंचतीर्थ स्थल को विकसित करने की भारत सरकार की योजना की सराहना की । डॉ. उदित राज, माननीय सांसद (लोकसभा), जिन्हें संघ का मुख्य संरक्षक घोषित किया गया है, भी इस अवसर पर वहाँ उपस्थित थे । श्री सुधीर रहेजा, अध्यक्ष, भाविप्रा ने भी बाबा साहेब द्वारा राष्ट्र को दिए गए योगदान को नमन करते हुए यह वादा किया कि संघ को उनका सतत सहयोग मिलता रहेगा । श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन), भाविप्रा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे ।

....

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें:
महाप्रबंधक (ज.सं.) 9811521881, 011-24622787
सं. 3/2016-17

भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयन्ती के अवसर पर भाविप्रा की आवासीय कालोनी, आई.एन.ए. नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर मंचासीन डॉ. महेश शर्मा, माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री तथा पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. उदिज राज, माननीय सांसद (लोकसभा), श्री सुधीर रहेजा, अध्यक्ष, भाविप्रा एवं श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन), भाविप्रा ।